
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 19.06.2022 से 25.06.2022)




भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## डॉ. सोनू फौगाट द्वारा लिखित पुस्तक अष्टांग योग का विमोचन

(दिनांक 20.06.22)



**विषय: डॉ. सोनू फौगाट द्वारा लिखित पुस्तक अष्टांग योग का विमोचन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने रोहतक में भाजपा के प्रदेश कार्यालय में डॉ. सोनू फौगाट द्वारा लिखी गई पुस्तक अष्टांग योग का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस बार आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मानवता के लिए योग शीर्षक के तहत मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे हरियाणा प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योग का संकल्प लेना चाहिए और अपनों को भी इस संकल्प के साथ जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि योग से सहयोग तक का मंत्र हमें एक नए भविष्य का मार्ग दिखाएगा।

पुस्तक की लेखिका डॉ. सोनू फौगाट की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर अष्टांग योग पुस्तक का विमोचन हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि निष्चित रूप से यह पुस्तक योग के क्षेत्र में लाभकारी साबित होगी। उन्होंने डॉ. सोनू फौगाट के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## रोहतक में विकास कार्यों का निरीक्षण

(दिनांक 20.06.22)



**विषय: रोहतक में विकास कार्यों का निरीक्षण।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज रोहतक में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार लोगों को बेहतर एवं मजबूत ढांचागत सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री जी ने रोहतक की चिन्योट कॉलोनी स्थित रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के साथ बनने वाली सडक़ व हुड्डा कंपलेक्स की पार्किंग का निरीक्षण किया। और अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे रेलवे के अधिकारियों से बात करके जल्द से जल्द एलिवेटेड ट्रैक के दोनों ओर सडक़ का निर्माण करवाएं। उन्होंने कहा

कि दोनों ओर चौड़ी सडकें बने ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके।
रेलवे अंडरपास का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अंडर पास का रूप तकनीकी दृष्टिकोण से आकर्षक हो। दोनों और रैंप बना कर इसे आवागमन का सुलभ रास्ता बनाया जाए। उन्होंने कहा कि रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के अंतर्गत आने वाले सभी अंडरपास के आकार तकनीकी दृष्टिकोण से पैमाने पर खरे उतरने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अंडरपास में पानी का ठहराव नहीं होना चाहिए। इसके लिए नगर निगम को उचित प्रबंध करने होंगे। चिन्योट कॉलोनी के लोगों ने मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर कहा कि यहां के पार्क में नशेडियों का जमावड़ा रहता है। परिणाम स्वरूप आमजन को पार्क में घूमने में परेशानी होती है। इस पर मुख्यमंत्री जी ने तुरंत आदेश दिए कि न केवल पार्क का जीर्णोद्धार किया जाए, बल्कि सुरक्षा के दृष्टि से इसमें ग्रील आदि भी लगाई जाए और यहां पर चौकीदार व पुलिस की गष्त की व्यवस्था भी की जाए।
मुख्यमंत्री जी ने एलिवेटेड रोड के साथ अटैच हुड्डा कॉम्पलेक्स की पार्किंग के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। और साथ ही पार्किंग के निर्माण कार्य में हो रही देरी पर संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों से फोन पर बात कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की प्रगति की समीक्षा बैठक

(दिनांक 20.06.22)



**विषय: श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की प्रगति की समीक्षा बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज कौशल विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक ली और विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय

को प्रदेश के अन्य जिलों में एक्सटेंशन सेंटर खोलने के निर्देश दिए। इन सेंटरों में युवाओं का कौशल निखारने के लिए विश्वविद्यालय की तर्ज पर रोजगारोन्मुखी कोर्स चलाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज के आधुनिक युग में अब कौशल का दौर है। अब पहले वाली थ्री–आर शिक्षा से हम कई आगे बढ़ चुके है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के बाद उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाने पर जोर देना होगा। इसके लिए जिस प्रकार के रोजगारोन्मुखी कोर्स श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में चलाए जा रहे हैं, वैसे ही कोर्स अन्य जिलों में चलाने के लिए विश्वविद्यालय अपने एक्सटेंशन सेंटर खोले। गुरुग्राम व पलवल जिलों के अलावा प्रदेश के दूसरे जिलों में भी युवाओं का कौशल निखारने की जरूरत है। उन जिलों में खाली पड़े सरकारी भवनों की पहचान करके वहां पर सेंटर चलाए जा सकते हैं। यही नहीं, उन जिलों में स्थित इंजीनियरिंग कॉलेजों को भी इस विश्वविद्यालय के साथ जोड़ें और उन्हें एफिलिएशन दें।

मुख्यमंत्री ने रोजमर्रा के जीवन में आवष्यक कौशल जैसे – इलैक्ट्रिशियन, पलंबर, रेफ्रिजिरेटर, वॉशिंग मशीन, एसी आदि रिपेयर करने वाले कोर्स करवाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ये अल्पाविध के कोर्स करके युवा अपनी आजीविका अच्छे से कमा सकते हैं तथा परिवार की आय बढ़ा सकते हैं। इसके साथ मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों का डाटा तैयार करने और उनको ट्रैक करने के निर्देश देते हुए कहा कि केवल सफल विद्यार्थियों का ही डाटा न रखें बल्कि विश्वविद्यालय से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भी जो युवक–युवतियां सफल नहीं हो पा रहे हैं, उन पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि इन सभी विद्यार्थियों के परिवार पहचान पत्र का रिकॉर्ड भी रखें।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि एक लाख रुपये वार्षिक से कम आय वाले परिवारों की आय बढ़ाने के उद्देष्य से जो मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत प्रदेश में अंत्योदय मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन मेलों में कौशल विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिनिधि मौजूद रहें और

लाभार्थियों को बताएं कि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न् रोजगारोन्मुखी कोर्स चलाए जा रहे हैं जिनमें से वे अपनी रूचि का कोर्स चुनकर नौकरी प्राप्त करने या स्वरोजगार शुरू करने योग्य बन सकते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से कहा कि वह बाजार में मांग के अनुरूप युवाओं को स्किल अपग्रेडेशन के कोर्स करवाएं और उनके बारे में लगातार प्रचार प्रसार भी करवाएं।

## गुरुग्राम के सेक्टर 10 में बनेगा जाट भवन

(दिनांक 20.06.22)



**विषय: गुरुग्राम के सेक्टर 10 में बनेगा जाट भवन।**

**प्रभाव:** गुरुग्राम में जाट भवन के निर्माण के लिए जगह उपलब्ध करवाने पर जाट समुदाय ने सोमवार को मुख्यमंत्री जी का आभार जताया और उन्हें पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। जाट कल्याण सभा को गुरुग्राम के सेक्टर 10 में जाट भवन बनाने के लिए लगभग 2000 वर्ग गज जमीन अलॉट की गई है, जिसका अलाटमेंट लैटर

# साप्ताहिक सूचना पत्र



स्वयं मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम के लोक निर्माण विश्राम गृह में सभा के प्रतिनिधियों को भेंट किया।

यह जमीन मिलने से गुरुग्राम में जाट भवन बनाने की जाट समुदाय की पुरानी मांग पूरी हुई है। इससे जाट समुदाय में खुशी का माहौल है ।

प्रतिनिधियों ने कहा कि जाट भवन के लिए जमीन उपलब्ध करवाने का मामला खटाई में पड़ गया था लेकिन मुख्यमंत्री जी ने हस्तक्षेप करके दोबारा विज्ञापन निकलवाया जिसकी वजह से यह कार्य सिरे चढ़ पाया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वे 'हरियाणा एक–हरियाणवी एक' के सिद्धांत पर चल रहे हैं और प्रदेश की 36 बिरादरी को साथ लेकर हरियाणा को विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि निरूस्वार्थ भाव से काम करने का परिणाम अच्छा ही निकलता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वे चाहते हैं कि प्रदेशवासियों में सदभावना बनी रहे और अच्छे विचारों का प्रसार हो। कई बार समाज में काम बिगाड़ने वाले भी होते हैं, इसलिए सोच समझ कर समाज को उन्नति की राह पर आगे बढाने की हमारी सोच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाएं भी अपने तरीके से समाज को सुविधाएं उपलब्ध करवाने का काम करती हैं। उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित करने आए जाट समाज के लोगों से कहा कि आप इस जमीन पर एक अच्छा भवन बनाए, ऐसा भवन जो 'दादा बणावै और पोता बरतै'।

जाट कल्याण सभा के प्रधान प्रीतम सिंह ने कहा कि जल्द ही नींव रखवाकर इस भवन का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा और यह भवन सभी 36 बिरादरी के लिए होगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## दुनिया के सबसे छोटे पर्वतारोही हेयांश कुमार को भेंट किया प्रशंसा पत्र, भविष्य के लिए दी शुभकामनाए

(दिनांक 20.06.22)



**विषय: दुनिया के सबसे छोटे पर्वतारोही हेयांश कुमार को भेंट किया प्रशंसा पत्र, भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने सोमवार को गुरुग्राम जिला के गांव बाबरा बाकीपुर के बच्चे हेयांश कुमार का माउंट एवरेस्ट बेस कैंप पर तिरंगा फहराने के लिए उसे प्रशंसा पत्र भेंट किया और भविष्य के लिए उसे शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस बच्चे ने छोटी आयु में ही माउंट एवरेंस्ट बेस कैंप में 5364 मीटर की ऊंचाई पर तिरंगा फहराकर अदम्य साहस और दृढ़ निष्चय का परिचय दिया है और हरियाणा व गुरुग्राम जिला का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में खेलों का ऐसा माहौल है कि छोटी आयु से ही बच्चे खेलों में रुचि लेते हैं। खेल की इसी भावना का प्रदर्शन करते हुए हेयांश ने इतनी कम उम्र में राज्य का गौरव बढ़ाया है, वह दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट के बेस कैम्प तक पहुंचने वाला सबसे कम उम्र का पर्वतारोही बन गया है। मुख्यमंत्री जी ने हेयांश कुमार के माता–पिता को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह

(दिनांक 21.06.22)




**विषय: 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने भिवानी पहुंचकर 8 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि युवाओं को योग दिवस पर नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। इसके लिए अधिक से अधिक मेडिसन् वाले पौधे लगाएं और उनका नशे से निजात पाने में उपयोग करें ताकि योग दिवस को निरोग दिवस के रूप में भी मनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि नशे का प्रचलन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जो समाज के लिए घातक ही नहीं बल्कि नासूर बनता जा रहा है। इसलिए युवाओं को योग दिवस पर नशे से दूर रहने का प्रण लेना चाहिए। साथ ही युवाओं को एक पेड़ लगाकर धरती को भी हरा भरा बनाने में अहम योगदान देना चाहिए। पेड़ लगाकर उनकी लगातार तीन साल तक सुरक्षा भी करना अनिवार्य है, इससे पर्यावरण भी शुद्ध होगा और लोगों को स्वच्छ वातावरण होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज विश्व योग दिवस के पावन अवसर पर प्रत्येक नागरिक को प्रतिदिन योग करने का संकल्प लेना चाहिए। योग से मनुष्य का शरीर पूर्ण रूप से स्वस्थ रहता है और वह दीर्घायु होता है। उन्होंने कहा कि योग को आगे

# साप्ताहिक सूचना पत्र



बढ़ाने के लिए पहली से 12वी तक स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा, ताकि विद्यार्थी इसे आसानी से अपना कर लाभान्वित हो सकें। इसके साथ ही योग शिक्षक एवं स्वयं सेवक तैयार हो सकेंगे। कॉलेज स्तर पर युवा आयुष की डिग्री भी ले सकेंगे। इसके लिए झज्जर के गांव देवरखाना में स्नातकोत्तर योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान स्थापित किया जा रहा है। इसके अलावा पंचकूला में आयुष का एम्स भी बनाया जा रहा है, जिसका भवन शीघ्र ही बनकर तैयार हो जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मनुष्य को अगर स्वस्थ रहना है तो जीवन मे योग को अवष्य ही अपनाना होगा। उन्होंने स्वयं लगातार दो घंटे तक योग क्रियाएं कीं ओर लोगों को योग के प्रति प्रोत्साहित किया। योग से शरीर स्वस्थ ही नहीं रहता बल्कि कई बीमारियों से भी निजात पाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि योग को अपनाते हैं तो बीमारियों से मुक्ति मिलेगी और स्वास्थ्य विभाग का खर्च भी बचेगा जिसे अन्य कार्यो पर खर्च किया जा सकेगा। इसके लिए सरकार की ओर से 1000 योगशालाएं एवं व्यायाम शालाएं खोली जा रही है। उन्होंने कहा कि योग दिवस को निरोग दिवस के रूप में मनाएं और योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पांच हजार साल पहले ऋषि–मुनियों ने योग साधना को अपनाया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में योग को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्राप्त करने का प्रस्ताव रखा था, जिसका 177 देशों ने समर्थन किया। अब विश्व के 200 से अधिक देशों ने योग को मान्यता दी है। मुख्यमंत्री ने योग गुरू बाबा राम देव का भी आभार जताया जिसने योग के प्रति लोगों को जागरूक किया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अग्निवीरों के लिए हरियाणा सरकार में नौकरियों की व्यवस्था

(दिनांक 22.06.22)

**विषय: अग्निवीरों के लिए हरियाणा सरकार में नौकरियों की व्यवस्था।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज अग्निवीरों को सरकारी नौकरी की गारंटी देने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि जो युवा अग्निपथ योजना के तहत सेना में नौकरी करके आएंगे उन्हें ग्रुप सी अथवा हरियाणा पुलिस की नौकरी अवष्य दी जाएगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सेना में आमूलचूल परिवर्तन किया है। अब तकनीकी आधार पर सेना को और अधिक सुसज्जित किया जाएगा। इससे 10वीं से 12वीं के युवाओं को अवसर मिलेंगे। इस प्रकार अग्निपथ युवाओं के लिए ही नहीं बल्कि सेना के लिए भी बेहतर योजना है। खिलाड़ियों को खेल कोटे के अंतर्गत नौकरी देने वाली हरियाणा सरकार ने अब अग्निपथ योजना के तहत सेवानिवृत्त होकर आने वाले अग्निवीरों को हरियाणा में नौकरी की गारंटी दी है। मुख्यमंत्री जी ने भावी अग्निवीरों से कहा कि आप देश की चिंता करिए आपकी चिंता हम करेंगे।

इस फैसले के बाद हरियाणा अग्निवीरों को नौकरी सुनिष्चित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। यह हरियाणा सरकार का अग्निवीरों के लिए नायाब तोहफा है। इससे निष्चित तौर पर युवाओं का सेना के प्रति अधिक रुझान बढ़ेगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ‘अग्निपथ’ योजना से तीनों सेनाओं की मानव संसाधन नीति में एक नए युग की शुरुआत हुई है। यह केंद्र सरकार द्वारा किया गया एक प्रमुख रक्षा नीति सुधार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निपथ युवाओं के लिए ही नहीं बल्कि सेना के लिए भी बेहतर योजना है। जहाँ एक तरफ अग्निपथ योजना से देश की सेना शक्तिशाली होगी, वहीं दूसरी तरफ चार साल की राष्ट्रसेवा के बाद हमारे अग्निवीर बेहतर समाज निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। अग्निपथ योजना से नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, इससे हरियाणा के युवाओं को काफी फायदा होगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2021 की समीक्षा बैठक

(दिनांक 22.06.22)



**विषय: खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2021 की समीक्षा बैठक।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज खेलों इंडिया 2021 गेम्स के समापन के बाद उसकी समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को हरियाणा खेल अकादमी की स्थापना के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि देशभर से आने वाले खिलाड़ियों को यहां बेहतरीन प्रशिक्षण दिया जा सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि हरियाणा में बनाया जा रहा खेल पुनर्वास केंद्र देश में यह उदाहरण स्थापित करे कि हरियाणा न केवल अपने खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ खेल सुविधाएं प्रदान करता है बल्कि चोटिल होने के कठिन दौर में उनका सहयोग भी करता है।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को हरियाणा खेल पुनर्वास केंद्र के सुचारू संचालन के लिए प्रबंधन को तत्काल आउटसोर्स करने के भी निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को उन कंपनियों के साथ सहयोग करने के निर्देश दिये जो खेलों को बढ़ावा देने के लिए सीएसआर फंड उपलब्ध कराने में रुचि रखती हैं। व्यापक चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि यद्यपि खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2021 में हरियाणा हर क्षेत्र में चौंपियन रहा लेकिन

# साप्ताहिक सूचना पत्र

तैराकी, एथलेटिक्स और जिम्नास्टिक के लिए उपलब्ध बुनियादी ढांचे के विशेष उन्नयन की आवष्यकता है।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने वाले ऑल–वेदर स्विमिंग पूलज़ का निर्माण किया जाए ताकि खिलाड़ी साल भर अभ्यास कर सकें। उन्होंने कहा कि इसी तरह, एथलीट्स और जिम्नास्ट्स के लिए उपयुक्त सुविधाएं सुनिष्चित की जाए ताकि राज्य में इन खेलों को भी बढ़ावा दिया जा सके। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर हर वर्ष राज्य स्तरीय खेलों का आयोजन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करने के साथ–साथ उन्हें खेलो इंडिया यूथ गेम्स एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के लिए भी तैयार करेंगे।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि राज्य ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2021 की सफलतापूर्वक मेजबानी की है और इन खेलों में भाग लेने वाले सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की टीमों ने उपलब्ध करवाई गई विशेष रूप से फिजियोथेरेपिस्ट, खिलाड़ियों की आवष्यकतानुसार आहार, आवास एवं परिवहन सुविधाओं की व्यापक रूप से सराहना की है। उन्हें यह भी बताया गया कि केंद्र शासित प्रदेशों सहित 36 राज्यों के सभी खिलाड़ियों ने राज्य द्वारा खेलों के लिए की गई बेहतरीन व्यवस्थाओं और उपलब्ध करवाई गई अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं की भी सराहना की है। इसके अतिरिक्त, खेल आयोजनों के बाद शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी खिलाड़ियों और दर्शकों ने खूब सराहा है।

इस बीच, सरदार संदीप सिंह ने मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि नूंह जिले के युवाओं में खेलकूद की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें खेल गतिविधियों में शामिल करके आगे बढ़ाया जा सकता है। इसके उपरांत मुख्यमंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को नूंह जिले में एथलेटिक ट्रैक और व्यायामशाला स्थापित करने के अवसरों का पता लगाने को कहा ताकि इस क्षेत्र के युवाओं की छिपी क्षमता का दोहन किया जा सके।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## निकाय चुनावों में भाजपा–जजपा की जीत

(दिनांक 23.06.22)



**विषय: निकाय चुनावों में भाजपा–जजपा की जीत।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने नगर निकाय चुनावों में भाजपा–जजपा की जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनता ने वर्ष 2014 व 2019 से अब तक लगातार वर्तमान राज्य सरकार और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा के प्रति जो विश्वास दर्शाया है, यह उस विष्वास की जीत है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नगरपालिकाओं व नगर परिषदों के चेयरमैन पद पर भाजपा–जजपा उम्मीदवारों की जीत दर्शाती है कि जनता सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों से संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता पक्ष व विपक्ष दो पहलू होते हैं। जनता सर्वोपरि होती है, जो अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने पसंदीदा उम्मीदवार का चयन करती है।

उन्होंने चुनावों में पार्टी की नीतियों पर मोहर लगाने के लिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अभी शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव सम्पन्न हुए हैं और शीघ्र ही पंचायती राज संस्थानों के चुनाव होने हैं और आशा है कि प्रदेश की जनता इसी प्रकार हमारी विचारधारा, नीति व कार्यक्रमों के अनुरूप ऐसे ही परिणाम देगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## स्थानीय नगर निकायों के नवनिर्वाचित चेयरपर्सनस से मुलाकात

(दिनांक 23.06.22)



**विषयः स्थानीय नगर निकायों के नवनिर्वाचित चेयरपर्सनस से मुलाकात।**

**प्रभावः** मुख्यमंत्री जी ने आज हरियाणा नगर निकायों के चुनाव में चुनकर आए नवनिर्मित चेयरमैनो से मुलाकात की और उन्हे बधाई दी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी नगर परिषद व नगरपालिका हर वर्ष अपना–अपना बजट बनाएंगे और क्षेत्र के विकास की रूपरेखा तैयार करेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी चेयरपर्सनस को निर्वाचित होने पर बधाई दी और पार्षदों, विधायकों व संगठन के लोगों से परामर्श करके विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के सुझाव दिए। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही चंडीगढ़ में सीएम हाऊस पर ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी जिससे नगर निकायों के प्रतिनिधि अपनी समस्या को लेकर मार्गदर्शन ले सकेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार नगर निकायों के चेयरपर्सनस का सीधा जनता द्वारा चयन किया गया है। ऐसे में वे पार्षदों से तालमेल बनाकर पिछड़े क्षेत्रों का प्राथमिकता के आधार पर विकास करें और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करें। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता से कार्य करने का आह्वङ्कान किया।

मुख्यमंत्री जी ने नवनिर्वाचित चेयरपर्सनस तथा संगठन के पदाधिकारियों को विचारधारा के अनुसार अन्य लोगों को भी साथ जोडने़ की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से लगातार पार्टी का ग्राफ बढ़ रहा है और इस गति को आगे भी बनाए रखना है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## डीओपीटी की बैठक

(दिनांक 24.06.22)



**विषय: डीओपीटी की बैठक।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय कार्मिक,लोक शिकायत व पृथ्वी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह के साथ बैठक की। बैठक में पर्याप्त संख्या में भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्चाधिकारियों की हरियाणा राज्य की वर्तमान व भविष्य की आवष्यकताओं के संदर्भ में गहन विचार–विमर्श हुआ।

मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा से केंद्र में हुई भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्चाधिकारियों की प्रतिनियुक्तियों तथा हरियाणा से भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्चाधिकारियों की निकट भविष्य में होने वाली सेवानिवृतियों के परिणामस्वरूप वर्तमान व भविष्य की पर्याप्त संख्या में उच्चाधिकारियों की आवष्यकताओं के संदर्भ में केंद्रीय राज्य मंत्री को अवगत करवाया।

विभागों की कार्य क्षमता व कार्य दक्षता को गतिमान बनाए रखने की दिशा में हरियाणा ने केंद्र से प्रदेश के लिए पर्याप्त संख्या में भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्चाधिकारियों की आवष्यकताओं को पूर्ण किए जाने की आशा व अपेक्षा की है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण(जीएमडीए) की 10 वीं बैठक

(दिनांक 25.06.22)




**विषय: गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की 10 वीं बैठक।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आज गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की 10वीं बैठक आयोजित की गई। गुरुग्राम के लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित इस बैठक में वित्त वर्ष 2022–23 के लिए जीएमडीए के लगभग 1894 करोड रुपए के बजट प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इन परियोजनाओं में मुख्य रूप से शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार लाने, नागरिक सेवाओं को बढ़ाने तथा बेहतर पर्यावरण में योगदान देने के लिए डिजाइन की गई प्रमुख परियोजनाओं सहित कई अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा, मुख्यमंत्री जी द्वारा पिछली बैठक की कार्यवाही के साथ वर्तमान में चल रही परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें

- स्मार्ट सिटी गुरूग्राम के दूसरे चरण में

# साप्ताहिक सूचना पत्र



लगाए जाएंगे 258 स्थानों पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाना।

- चंदू में 100 एमएलडी तथा बसई में 90 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाना।
- गुरूग्राम के सेक्टर–68 से 80, सेक्टर–37सी व 37डी और सेक्टर–112 से 115 में बरसाती पानी निकासी के लिए मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज नेटवर्क बिछाने की परियोजना पर स्वीकृति प्रदान करना।
- द्वारका एक्सप्रेस वे के दोनो तरफ 7.5 मीटर चौड़ी सर्विस रोड़ बनाना
- एसपीआर को अपग्रेड करना
- गुरूग्राम से पानी निकासी की लेक–2 व लेक–3 को नजफगढ ड्रेन से जोड़ना शामिल है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम के विकास कार्यों में तेज़ी लाने और उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए। और कहा की गुरुग्राम को अंतराष्ट्रीय स्तर का shar बनाएंगे और इसके लिए किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरूग्राम में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला

(दिनांक 25.06.22)



**विषय: गुरूग्राम में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला।**

**प्रभाव:** गुरुग्राम में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की रेवेन्यू कोर्ट लगाने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जीवन में किताबों के ज्ञान के साथ–साथ अनुभव और प्रशिक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने जीवन में आखिर तक सीखता है, आगे बढ़ने के लिए प्रशिक्षण और मेहनत जरूरी है। गुरुग्राम के मंडलायुक्त राजीव रंजन द्वारा दिए जा रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न ज़िलों से उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त तथा एसडीएम स्तर के अधिकारियो ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुग्राम के लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित किया गया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को देखने के लिए पहुँचे मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सन 1980 से लेकर 2014 तक लगभग 34 वर्षों के दौरान ट्रेनिंग अर्थात प्रशिक्षण उनका रुचिकर विषय रहा है। उन्होंने कहा कि केवल किताबी ज्ञान से ही सफलता नहीं मिलती बल्कि कम से कम संसाधनों के साथ कम से कम समय में ज्यादा आउटपुट कैसे मिले, उसके लिए ट्रेनिंग ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग अर्थात् प्रशिक्षण लगातार चलने वाला विषय हैं। जिस व्यक्ति ने यह मान लिया कि उसे सब कुछ आता है तो उसके जीवन में आगे बढ़ने के अवसर ख़त्म हो जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीखने की कोई आयु नहीं होती। उन्होंने स्वयं 40 वर्ष की आयु में कम्प्यूटर चलाना सीखा और यह कहते हुए उन्हें आज प्रसन्नता हो रही है कि उसकी उपयोगिता यह हुई है कि जब भी वे अधिकारियों के साथ बैठक करते हैं तो अधिकारी पूरी तैयारी के साथ आते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि कहीं उनकी गलती पकड़ी ना जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में हमने व्यवस्था सुधारने के लिए कई रिफॉर्म्स किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का अपना ही एक महत्व है परंतु इसके लिए अपना मानस खुला रखना जरूरी है, स्वीकार्यता होनी चाहिए। प्रशिक्षण में यदि कोई संशय उठता है तो उसे ज़रूर क्लियर करें। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण में ट्रेनर और ट्रेनी दोनों को सीखने का मौक़ा मिलता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से दो सवाल पूछे और उनके जवाब लिखकर गुप्त रूप से उन्हें देने को कहा। उस कागज पर चाहे वे अपना नाम ना लिखें। इसमें एक सवाल यह था कि आपने जब से ज्वाइन किया है, आपको सरकार की कौन सी योजना अच्छी लगी, जिससे जनता को लाभ मिल रहा हो और उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। दूसरा सवाल यह था कि योजनाओं से अलग कोई और काम क्या किया जाना चाहिए जिसकी जनता को जरूरत है। इन दोनो सवालों के जवाब मुख्यमंत्री जी अपने साथ ले गए। इसके अलावा, मुख्यमंत्री जी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से भी कहा कि वे भी उनसे कोई दो सवाल या संशय पूछ सकते हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## ऑल इंडिया फेडरेशन आफ मास्टर प्रिंटर्स के भवन का भूमिपूजन

(दिनांक 25.06.22)

**विषय: ऑल इंडिया फेडरेशन आफ मास्टर प्रिंटर्स के भवन का भूमिपूजन।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने ंर गुरुग्राम के आईएमटी मानेसर में ऑल इंडिया फेडरेशन आफ मास्टर प्रिंटर्स के भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कर उसकी आधारशिला रखी। यह भवन मानेसर के सैक्टर–2 में लगभग 1400 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनेगा।

इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रिंटिंग एक महत्वपूर्ण विधा होती है । बहुत से काम जैसे समाचार पत्र का प्रकाशन , पुस्तको आदि की कल्पना प्रिंटिंग के बिना असंभव है। उन्होंने कहा कि प्रिंटिंग का लगभग 30 हजार साल पुराना इतिहास है। जब भी हम कोई अक्षर या चिन्ह छापते हैं तो प्रिंटिंग हो जाती है। उन्होंने कहा कि आज अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए संकेत भाषा, मूक इशारे, बॉडी लैंग्वेज आदि होने के बावजूद भी प्रिंटिंग का महत्व कम नही हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मास्टर प्रिंटर्स की स्थापना 70 साल पहले हुई थी और तब से लेकर अब तक प्रिंटिंग के स्वरूप में काफी बदलाव आया है। एक लेखक अपनी लेखनी के माध्यम से लोगों तक अपने विचार पहुंचाता है। अब लेखनी का स्थान डिजीटल ने ले लिया है परंतु डिजीटल युग में भी इस विधा को साथ लेकर चलना जरूरी है।

मुख्यमंत्री जी ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव सांझे करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने स्कूल के साथ साथ प्रिंटिंग प्रेस का कार्य सीखा, जहां पर उन्होंने फर्में बनाए और लेटर्स कंपोज किए। अब डिजीटल युग में इस प्रक्रिया की आवष्यकता नही रही। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पांच विश्वविद्यालयों में प्रिंटिंग के कोर्स करवाए जा रहे हैं। उन्होंने एसोसिएशन को हरियाणा सरकार की ओर से मदद का भरोसा दिलाया और कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि एसोसिएशन ने अपना भवन बनाने के लिए हरियाणा को चुना है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## आश्रम हरि मंदिर में अखिल भारतीय संत समिति का राष्ट्रीय अधिवेशन

(दिनांक 25.06.22)



**विषय: आश्रम हरि मंदिर में अखिल भारतीय संत समिति का राष्ट्रीय अधिवेशन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पटौदी पहुंचकर हरी मंदिर आश्रम में आयोजित अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वयं को प्रधानमंत्री ना कहते हुए देश का प्रधान सेवक कहा है, उसी प्रकार से हरियाणा प्रदेश में मेरी भूमिका मुख्य सेवक की है।

मुख्यमंत्री जी ने अधिवेशन में उपस्थित संत समाज के प्रतिनिधियों को शॉल व पुष्पमाला भेंट करने उपरान्त अपने संबोधन में कहा कि संतो के इस राष्ट्रीय अधिवेशन में आकर वे अभिभूत हैं कि आज उन्हें एक ही मंच पर पूरे देश के संत समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आज की

# साप्ताहिक सूचना पत्र



लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता के माध्यम से जनसेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म व कर्तव्य है। प्राचीनकाल में जब राजशाही का समय था तो राजा से कोई गलती होने पर धर्म के पुरोधा राजा के सर पर मयूर पंख रख कर उसे आभास दिलाते थे कि शासन व्यवस्था भले ही उसे दंडित ना करे लेकिन धर्म उसे अवष्य दंड देगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वे संत समाज को विश्वास दिलाते हैं कि वे धर्म की मर्यादा का ध्यान रखते हुए यह सुनिष्चित करेंगे कि उनकी वजह से समाज में किसी भी व्यक्ति को कोई कष्ट ना हो।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मनुष्य की प्रसिद्धि के हिसाब से उसका अपना धर्म होता है। एक विद्यार्थी का, एक पिता का, एक माता का व एक सेवक का अपना धर्म है लेकिन जब हम संतो के चरणों में बैठते हैं तभी शासन की दिशा ठीक होती है। उन्होंने कहा कि माता–पिता केवल शरीर का निर्माण करते हैं लेकिन उस शरीर को एक सभ्य नागरिक का रूप देना व राष्ट्र निर्माण के लिए मार्गदर्शन देने का कार्य संत समाज करता है। ठीक उसी प्रकार शासन व्यवस्था भौतिक विकास तो कर सकती है लेकिन सभ्य समाज का निर्माण केवल संत समाज ही कर सकता है। उन्होंने मंच से संत समाज को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे किसी भी परिस्थिति में प्रदेश में वातावरण खराब नही होने देंगे। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल के होते हुए हरियाणा में किसी भी व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होगा। आज हरियाणा सरकार अंत्योदय के भाव के साथ समाज के वंचित व पीड़ित वर्ग को ध्यान में रखते हुए अपनी नीतियां बना रही है व उनकी जीवनशैली में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्राकृतिक खेती पर आयोजित कार्यशाला

(दिनांक 25.06.22)




**विषय: प्राकृतिक खेती पर आयोजित कार्यशाला।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज करनाल पहुंचकर यहां प्राकृतिक खेती पर आयोजित की गई कार्यशाला में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में एक और पहल करते हुए प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए देसी गाय की खरीद पर 25 हजार रूपये तक की सब्सिडी देने व प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत का घोल तैयार करने के लिए चार बड़े ड्रम किसानों को निशुल्क देने की घोषणा की। यह घोषणा 2 से 5 एकड़ भूमि

# साप्ताहिक सूचना पत्र

वाले किसानों, जो स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती अपनाएंगे उनके लिए होगी। ऐसा करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य होगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्राकृतिक खेती का मूल उद्देष्य खान–पान को बदलना है, इसके लिए हमें खाद्यान ही औषधि की धारणा को अपनाना होगा। प्राकृतिक खेती ही इसका एकमात्र रास्ता है। प्रदेश के 50 हजार एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है, लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए हर खंड में एक प्रदर्शनी खेत में प्राकृतिक खेती की करवाई जाएगी।

मुख्यमंत्री जी ने केन्द्र सरकार की कृषि तकनीक प्रबंधन एजेंसी(आत्मा) से जुड़े तकनीकी सहायक प्रबंधक, ब्लॉक तकनीकी सहायक प्रबंधक व उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कृषि विभाग की आत्मा योजना सही मायने में रासायनिक खादों के अंधाधुंध उपयोगों से हमारे खेतों में पैदा हो रहे जहरीले खाद्यान्नों को ठीक करने के लिए एक आवाज है। उन्होंने कहा कि सिक्किम देश का पहला राज्य है जो पूरी तरह से प्राकृतिक खेती पर आ गया है। हिमाचल प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश में भी काफी कार्य हो रहा है, अब हरियाणा सरकार नई पहल करते हुए देसी गाय की खरीद पर सब्सिडी देने का कार्य करेगी।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि किसान अब प्राकृतिक खेती को समझने लगे हैं और कृषि विभाग द्वारा बनाए गए पोर्टल पर अब तक प्रदेश के 1253 किसानों ने स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए पंजीकरण करवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब 1960 के दशक में देश में खाद्यान्नों की कमी हो गई थी, इसके लिए हरित क्रांति का आह्वान किया गया, जिसके चलते अंधाधुंध रासायनिक खादों का उपयोग हुआ और देश में अनाज के उत्पादन की कमी नहीं रही। अब रासायनिक खादों के प्रयोग से खेत भी जहरीले हो गए हैं और खाद्यानों का उत्पादन भी जहरीला हो गया है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि न तो जहर बोएंगे और न ही जहर खांएगे। हमारा खान–पान ठीक होगा तो स्वास्थ्य विभाग को इंफ्रास्ट्रक्चर व अन्य दवाईयों के लिए ज्यादा बजट की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अगर हम बीमार होते हैं तो औषधि लेने जाते हैं और अब प्राकृतिक खेती स्वास्थ्य के विकल्प के रूप में हमारे पास है, उसे जीवन में अपनाना है। प्राकृतिक खेती को अपनाने

# साप्ताहिक सूचना पत्र



के लिए केन्द्र से जो बजट मिलेगा, उससे ज्यादा हरियाणा सरकार भी देगी।

कार्यक्रम के दौरान सीधे संवाद में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसानों के लिए प्राकृतिक खेती का प्रदर्शन प्लांट लगाने हेतु पोर्टल बनाया जाएगा। इस पोर्टल पर जमीन की पूरी जानकारी देने के साथ–साथ किसान स्वेच्छा से फसल विविधिकरण अपनाने बारे जानकारी देंगे। इसके अलावा वे दलहनी फसलें उगाने बारे भी जानकारी देगा। इस प्रकार विभाग के पास पूरी जानकारी होगी तो आसानी से मोनिटरिंग की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को 20–25 के छोटे–छोटे समूह में प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे अच्छी तरह से फसल उत्पादन बारे जानकारी ले सकें। प्राकृतिक खेती के उत्पादों की पैकिंग सीधे किसान के खेतों से ही हो, ऐसी योजना भी तैयार की जाएगी ताकि बाजार में ग्राहकों को इस बात की शंका न रहे कि यह प्राकृतिक खेती का उत्पाद है या नहीं।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को प्रकृतिशील किसान की संज्ञा दी। साथ ही विभाग को मजबूत करने के लिए जल्द ही विभाग में लोगों की भर्तियां भी की जाएंगी।

## नशामुक्त अभियान की कार्ययोजना का शुभारंभ

(दिनांक 20.06.22)

**विषय: नशामुक्त अभियान की कार्ययोजना का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** हरियाणा को नशामुक्त करने के लिए रविवार को एक ऐतिहासिक पहल हुई । माननीय जी ने, नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय दिवस 26 जून को, करनाल की मधुबन पुलिस अकादमी स्थित हर्षवर्धन ऑडोटोरियम

# साप्ताहिक सूचना पत्र




में हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में नशामुक्त अभियान की कार्ययोजना को रोल आउट यानी सार्वजनिक कर एक पुस्तिका का विमोचन किया। इसके साथ ही देश में इस तरह के एक्शन प्लान को लॉन्च करने वाला हरियाणा पहला राज्य बन गया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सड़कें और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे विकास के साथ–साथ समाज और उसमें रहने वाले व्यक्ति का विकास भी जरूरी है। इसके लिए उसकी शिक्षा, संस्कार देने के साथ साथ नशे जैसी गलत आदतों से रोककर चरित्र निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा अपने आप में एक व्यापक शब्द है और इसके कई मायने हैं । सत्ता का नशा, ताकत का नशा, अच्छे काम का नशा, दौलत का नशा और एक नशा भगवत भक्ति का भी है। नशीली चीजों का उपयोग करना सबसे खराब नशा है। इससे व्यक्ति का संतुलन बिगड़ जाता है और उसका विकास रूक जाता है। यह व्यक्ति के साथ–साथ परिवार को खोखला कर

# साप्ताहिक सूचना पत्र

देता है। नशे का संबंध केवल इसके उपयोग करने तक ही सीमित नहीं बल्कि यह राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं तक फैला हुआ है। इसे रोकना हालांकि चुनौती है, लेकिन प्रयासों से सब कुछ संभव हो जाता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अब सरकार, एनजीओ व समाज के सभी लोग मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। इसके लिए हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने सभी विभागों के सहयोग एवं जन भागीदारी के साथ समाज से नशे और नशे के व्यापार को जड़मूल से समाप्त करने तथा एक ठोस और सामुहिक प्रयास को क्रियान्वित करने के लिए एक राज्य कार्ययोजना तैयार की है।

उन्होंने कहा कि नशे में लिप्त हो रहे युवाओं के स्वास्थ्य वर्धन और उनके पुनर्वास के लिए ब्यूरो की यह पहल अनूठी साबित होगी। इस प्लान में नशे से ग्रस्त व्यक्ति की पहचान करके उसे उचित परामर्श और चिकित्सा देकर उसका पुनर्वास किया जाना शामिल है। उन्होंने बताया कि युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें रचनात्मक कार्यो विशेषकर खेलों से जोडने़ के लिए प्रदेश में 1100 खेल नर्सरियां बनाई जा रही हैं, इनसे युवाओं में खेलों का रूझान बढ़ेगा और उनमें खेल भावना का सृजन होगा। आर्थिक दृष्टि के साथ–साथ हरियाणा खेलों में भी अग्रणी प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। गांव–गांव में दो एकड़ में पार्क/व्यायामशाला बनाने की योजना है, इनमें 1 हजार कोच व योग शिक्षक भर्ती किये जाएंगे और यह योजना प्रदेश के 6 हजार गांव में लागू करेंगे। खेलों के साथ–साथ शिक्षा पर भी प्रदेश में जोर दिया जा रहा है और युवाओं को पुस्कालय से जुडने़ के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए उक्त एक्शन प्लान के तहत स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में धाकड़ कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। धाकड़ का अर्थ हिम्मत वाला व्यक्ति। धाकड़ कार्यक्रम पर बोलते हुए उन्होंने बताया कि क्लास के पांच बच्चों का एक ग्रुप बनाया जाएगा, जो सुस्त, एकाकी रहने वाले व चोरी छिपे नशा करने वाले बच्चे की पहचान करेंगे और

# साप्ताहिक सूचना पत्र




उसकी सूचना क्लास टीचर यानी सीनियर धाकड़ को देंगे। सीनियर धाकड़ सूचना प्राप्त करने के बाद संबंधित प्रिंसिपल/हैड मास्टर को रिपोर्ट करेंगे जो नोडल धाकड़ कहलाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन और सुपरविजन के लिए राज्य, जिला, उपमंडल, कलस्टर और गांव/वार्ड स्तर पर मिशन टीमें, नशे से ग्रस्त व्यक्ति की काउंसिलिंग, उपचार व पुनर्वास के लिए काम करेंगी। गांव स्तर पर 6538 टीमें, वार्ड मिशन की 1710 टीमें, 532 कलस्टर टीम, 72 सब डिविजन टीमें, 22 जिले स्तर की टीमें और 25 हजार कैमिस्टों की टीम एक्शन प्लान के तहत काम करेगी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ऑडोटोरियम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वयं नशा न करने और दूसरों को भी नशे से दूर रहने की प्रेरणा देने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा रिमोट का बटन दबाने के बाद हांसी निवासी गायक सुभाष फौजी द्वारा रचित नशे के खिलाफ गीत का प्रसारण हुआ।